नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 60/2021

Dt- 23-01-2021

सचिव,

सहकारिता विभाग,

बिहार, पटना।

25/01/21

विषयः– **मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर प्रखंड के रैयाम पूर्वी एवं लोहना उत्तरी ग्राम पंचायत में बिहार राज्य फसल सहायता योजनान्तर्गत रबी वित्तीय वर्ष 2019–20 का भुगतान करने के संबंध में।**

महाशया,

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर प्रखंड के रैयाम पूर्वी पंचायत के 576 आवेदकों एवं लोहना उत्तरी पंचायत के 13 आवेदकों को बिहार राज्य फसल सहायता योजनान्तर्गत रबी वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए चयन किया गया था, जिसका ऑनलाईन निरीक्षण के उपरांत भुगतान सहकारिता विभाग के द्वारा किया जाना था। सभी आवेदकों को जियो टैगिंग का ऑनलाईन निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी, झंझारपुर के द्वारा प्रतिनियुक्त किसान सलाहकार के द्वारा अगस्त 2020 में किया गया, लेकिन मात्र रैयाम पूर्वी पंचायत के लगभग 350 आवेदकों को ही भुगतान सितम्बर, 2020 में हो पाया हैं, शेष बचे रैयाम पूर्वी के लगभग 226 आवेदकों का भुगतान अबतक लंबित हैं।

अतः अनुरोध है कि शेष बचे आवेदकों का भुगतान करने हेतु कार्रवाई करना चाहेंगी।

नव वर्ष की मंगलकामनाओं के साथ!

भवदीय,

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 23.1.2021

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in